अग्रवाल महाविद्यालय में दिनांक 13–11–2014 को बी.वॉक प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसका विषय “बिजनेस इन्टेलिजेन्स इन माईक्रोसॉफ्ट एकसेल” था. यह अतिथि व्याख्यान महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० कृष्णकान्त गुप्ता के दिशा निर्देशन में किया गया. मुख्य वक्ता के रूप में श्री धर्म सिंह, माईक्रोसॉफ्ट सइर्टिफाईड टेक्नोलॉजी में कार्यरत, एच.सी.एल. टैक्नोलॉजी, नोएडा आमंत्रित थे. कार्यक्रम का आरम्भ कम्प्यूटर विभाग के अध्यक्ष श्री सचिन गर्ग ने अतिथि का स्वागत पुष्पगुच्छ देकर किया. इसके प्रश्चात विशेषज्ञ श्री धर्म सिंह ने माईक्रोसाफ्ट एकसेल में डाटा वेलिडेशन, प्रोग्रामिंग, पाईवट टेबल, एडवॉस फंक्सन, बिजनेस प्रौगाम सोलविंग इत्यादि विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की और विद्यार्थियों का ज्ञानवर्धन किया. विद्यार्थियों ने भी बढ़चढ़कर इसमे भाग लिया महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 कृष्णकान्त गुप्ता जी ने इस कार्यक्रम के सफल आयोजन पर कम्पयूटर विभाग के सदस्यों को बधाई दी और कहा की विद्यार्थियों के ज्ञान वर्धन के लिए इस तरह के कार्यक्रम उनके चहुमुखी विकास में मील का पत्थर साबित होते है.